हरिभूमि
रतन भूमि
रायपुर, रविवार 12 मई 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 आखिरकार नहीं लगा ट्रांसफार्मर, युवाओं ने...



12 अंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्ती...





## खबर संक्षेप

### टोकरो में दानवीर भामाशाह जयंती आज

**नवापारा-राजिम।** ग्राम टोकरो में रविवार को दानवीर भामाशाह की जयंती एवं आदर्श विवाह तथा सम्मान समारोह का कार्यक्रम दोपहर 11 बजे से आयोजित है। यह कार्यक्रम परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर व ग्रामीण साहू समाज टोकरो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 मई को सुबह करीब 11 बजे रूपनारायण साहू पिता कृपाराम साहू (23) निवासी डोंगरगांव ने अज्ञात कारणों से अपने घर पर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के पिता कृपाराम साहू ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### सरायपाली में पेट्रोल पंप से बाइक की चोरी

**महासमुंद।** पेट्रोल पंप से बाइक की चोरी का मामला सामने आया है। सरायपाली पुलिस ने बताया है कि प्रार्थी शंकर महांती पिता शेषदेव (40) निवासी वार्ड नं. 09 बैतारी ने अपने मोसा क्र सीजी -06 जीएच -9355 कीमत 20 हजार रुपए को किंग ऑटो केयर पेट्रोल पंप महलपारा से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर पर अपराध कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बाइक की ठोकर से घायल हुए शख्स की मौत

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के पलसाभाड़ी रोड पानी टंकी के पास पैदल चल रहे खगेश मिरी को बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में बाइक क्रमांक सीजी-06 पी -8200 का चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम किया गया है।

# मैनपुर में एक दिन में ही 20 से ज्यादा हैंड़पंपों का किया गया सुधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

खबर का असर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापडाव गौरगांव एवं उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे ग्रामों में दर्जनों हैंड़पंप खराब पड़े हुए है और तो और जल स्तर तेजी से नीचे चले जाने के कारण कई हैंड़पंपों में पानी नहीं आ रहा है, ग्रामीण हैडंल मार मारकर परेशान हो रहे हैं।

इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने 11 मई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जिसके बाद मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को तत्काल हैंड़पंपों की मरम्मत करने का निर्देश दिया और आज एक ही दिन में 20 से ज्यादा हैंड़पंपों का सुधार शाम 06 बजे तक किया जा चुका है।

पीएचई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गौरगांव के घोटियाभर्री, में दो हेडपम्पों का सुधार किया गया एवं दो हैंड़पंपों में नया पाइप लगाई गई।

ग्राम पंचायत शोभा के ग्राम लहपी में खराब हैंड़पंपों को सुधारा गया, ग्राम गौरगांव वार्ड कमांक 03 में हैंड़पंपों सुधार के साथ ही पाईप लगाई गई ग्राम करेली में दो हैंड़पंपों की मरम्मत किया गया। वहीं सभी ग्रामों में हैंड़पंप ▸▸| शेष पेज 11 पर

**एसडीएम के निर्देश पर बिगड़े हैंडपंपों की मरम्मत कार्य शुरू**


समस्या : शोभा में जल जीवन मिशन की टंकी निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया गड़बड़ी का आरोप
ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए अफसरों से मांगे 50 से ज्यादा हैंडपंप





## कुंओं की उपेक्षा : शहरों से तो गायब हुए ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपयोग नहीं

# उपेक्षा व अतिक्रमण की भेंट चढ़े कुएं, कभी पेयजल और निस्तारी का होता था स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

कुंए के पनघट जहां कभी सुबह शाम चहल पहल हुआ करती थी और गांव के महिलाओं के बीच सुख दुख की चर्चा होती थी लेकिन अब इन कुंओ के पनघट पर सन्नाटा पसरा रहता है। कभी कभार कुंओ की आवश्यकता शादी विवाह के अवसर पर पड़ती है। जहां लोग बड़े सम्मान के प्रतीक पनघट पर जाकर कुंआ पूजन करते दिखते है। आज से दो दशक पूर्व हर गांव के प्रमुख चौक चौराहों में सार्वजनिक प्राकृतिक जल स्त्रोत कुंआ हुआ करते थे जो लोगों के प्यास बुझाने के काम आते थे लेकिन आधुनिकता के साथ कुंओं की उपेक्षा होने लगी।

अधिकांश सरकारी कुंआ या तो अतिक्रमण का भेट चढ़ गये या पट गये और जो कुछ सरकारी कुंए बचे है वह उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। साफ -सफाई के अभाव में लोग इसके पानी का उपयोग नहीं कर पाते। ग्रामीण बताते हैं की 15-20 वर्ष पहले मैनपुर तहसील मुख्यालय नगर के भीतर ही दर्जनों सरकारी कुंआ हुआ करते थे जो नगरवासियों के प्यास बुझाने का प्रमुख साधन था और तो और इन कुंए का बकायदा शासन द्वारा समय -समय पर साफ -सफाई रख रखाव किया जाता रहा है। लेकिन बदलते परिवेश में हैंडपंप और अन्य पेयजल के साधन उपलब्ध होने से धीरे-धीरे सरकारी कुंओ का उपेक्षा होने लगी और अब मैनपुर नगर में ही नाम मात्र के सरकारी कुंए बच गये है जो उपेक्षा के शिकार हो रहे है और साफ -सफाई के अभाव में लोग इसके पानी का उपयोग अब सिर्फ निस्तार के लिए करते दिखते है।





### आज भी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में कुआं पूजन की परंपरा

इस संबंध में चर्चा करने पर दुर्गा मंदिर मैनपुर के पुजारी योगेश शर्मा कहते है कुंए का पानी शुद्ध माना जाता है और शीतल भी होता है शादी व अनेक धार्मिक शुभ कार्यों के अवसर पर कुंआ पूजन की रस्म निभाई जाती है और इसके पानी का विशेष महत्व है। लेकिन अब कुंए लोगों के घरों में ही सुरक्षित है सरकारी कुंए लगभग समाप्त हो गये है व उपेक्षा के शिकार है, जबकि कुंए हमारे अस्था का प्रतीक है यदि इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए कुंओ का जिर्णोद्धार कराया जाये तो भीषण गर्मी में पेयजल समस्या का समाधान होगा साथ ही वाटर रिचार्जिंग सिस्टम से क्षेत्र पानी से भरा रहेगा।



### नगर का ऐतिहासिक माल कुआं उपेक्षा का शिकार

मैनपुर नगरवासियो से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर का सबसे पुराना ऐतिहासिक कुंआ माल कुंआ को बताते है यह कुंआ का पानी काफी मीठा और साफ रहता है इसलिए नगर के आधे आबादी कभी इस कुंए पर आश्रित हुआ करते थे, मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर में सप्ताहिक बाजार के भीतर, शिक्षक कालोनी, आश्रम परिसर, वन विभाग परिसर, प्राथमिक शाला परिसर, लोक निर्माण परिसर, मुख्य मार्ग के किनारे में काफी पुराने कुंए हुए करते थे लेकिन जब नगर में पर्याप्त हैंडपंप और पेयजल की सुविधाएं उपलब्ध हो गई और लोगो को कुंए की आवश्यकता कम होने लगी तो अब नगर के अधिकांश कुंए या तो पुरी तरह पट चुके है या तो उपेक्षा के शिकार है, वैसे आज भी नगर के लोगो के घरो में निजी कुंए आज भी पेयजल का मुख्य स्त्रेत है नगर में लगभग 30 से ज्यादा कुंआ लोगो के घरो में है और वे कुंए के पानी का उपयोग करते है उनका कहना है कुंए का पानी काफी मीठा और स्वादिष्ट रहता है वही क्षेत्र के ग्रामीण इलाको के ग्रामो में भी सरकारी कुंए जो प्रमुख चौक चौराहो में आज भी देखे जाते है और लोग इनका पानी का उपयोग करते है लेकिन अधिकांश कुंए अनेदेखी और उपेक्षा का शिकार हो रहे है लंबे समय से साफ सफाई नही होने से लोगो को परेशानियो का सामना करना पड़ता है और यह प्राकृतिक जल स्त्रेत अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है।

# अंचल में नहीं थम रहा प्लास्टिक का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

जनमानस के विपरीत स्वास्थ्य में पालीथीन-प्लास्टिक का प्रभाव हमेशा से घातक रहा है। प्रशासन द्वारा लगातार इसके उपयोग पर प्रतिबंध के साथ दंडात्मक कार्यवाही की जाती रहती है। परंतु पॉलीथीन बैग एवं प्लास्टिक का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है। विशेषकर रोजमर्रा की चिल्हर खरीदी के लेनदेन में पॉलीथीन बेग का बढ़ता उपयोग सभी के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पालीथीन का इस्तेमाल गांव से लेकर नगर तक सभी जगह जोरों से हो रहा है। यह लोगों की सेहत बुरी तरफ बिगाड़ रहा है। क्षेत्र का ड्रेनेज सिस्टम अक्सर पॉलीथीन से भरा मिलता है। इसके चलते नाले तक जाम हो जाते है। इसका प्रयोग तेजी से बढ़ा है। वहीं इसके बढ़ते उपयोग के कारण लोगों में कई तरह की बीमारियॉ भी तेजी से फैल रही है। प्लास्टिक के गिलासों में चाय, गर्म दूध या पानी तक का सेवन करने से उसका केमिकल लोगों के पेट में चला जाता है। इससे डायरिया के साथ कई तरह की गंभीर बीमारिया होती है। पॉलिथीन का बढ़ता उपयोग न केवल वर्तमान के लिए बल्कि भविष्य के लिए भी खतरनाक होते जा रहा है। पॉलिथीन पूरे देश के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। यहीं नहीं प्लास्टिक को जलाने से भी बहुत घातक गैस निकलती है इससे भी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। आज कैंसर के अधिकांश मरीजों में कैंसर का कारण प्लास्टिक ही पता चलता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ.राहुल नेताम ने इस विषय पर विस्तृत चर्चा में बताया कि प्लास्टिक का उपयोग शुरू से ही काफी हानिकारक रहा है। इससे एक साथ दर्जनों बीमारियां लोगों में फैलती है। पॉलिथीन ▸▸| शेष पेज 11 पर

**लेपटाप भी करेंगे भेंट**

# मेधावी छात्रा होनिसा को विधायक रोहित साहू ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में पूरे प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल करने वाली भेण्डरी की छात्रा कु. होनिसा साहू को सम्मानित करने राजिम विधायक रोहित साहू उनके घर पहुंचे। विधायक श्री साहू ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए छात्रा होनिसा को अपने हाथों से मिठाई खिलाया और शाल श्रीफल भेंट कर बधाई दिया। बच्ची से कहा कि आगे की पढ़ाई इसी तरह जारी रखना और अपने प्रतिभा को बनाए रखना। विधायक के हाथों सम्मानित होकर छात्रा होनिसा के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वहीं उनके माता-पिता और ग्रामीण भी विधायक के सरलता को देखकर खुशी जाहिर किया है। राजिम क्षेत्र के लिए यह पहला मौका है। जब बोर्ड की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे का मान-सम्मान करने और हौसला बढ़ाने के लिए कोई विधायक निवास तक पहुंचे। जानकारी के मुताबिक विधायक श्री साहू ने प्रशासनिक अफसरो से कहा कि प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चो को शासन द्वारा मिलने वाली सभी लाभों को दिलाएं। इसके साथ ही श्रम विभाग के अधिकारियों को मेधावी छात्र योजना के तहत नगद राशि व स्कूटी प्रदाय करने निर्देशित किया। विधायक रोहित साहू ने छात्रा की इस उपलब्धि पर खुश होकर अपनी ओर से लेपटॉप देने की घोषणा किया। उन्होंने इस सफलता के लिए प्रेरित करने माता-पिता व गुरुजनों को भी बधाई दी और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ,जनपद सदस्य दीपक साहू,सरपंच मोहन साहू, आनंद साहू, भूषण साहू विदेशी साहू,मनीष साहू,पुरन साहू,लखन साहू, हुलास ध्रुव मौजूद थे।

- स्कूटी देने श्रम विभाग को किया निर्देशित



# प्रधानपाठक संघ ने मृतक की पत्नी को दी अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

प्रधान पाठक कल्याण संघ द्वारा स्व रामनाथ साहू की पत्नी रूपवती साहू को 50 पचास हजार 1 सौ रुपए नगद अनुग्रह राशि के रूप में भेंट किया। भेंट करने संजय सिन्हा, रामसाय तान्डे, नारायण वर्मा, खेलन साहू, शत्रुघन साहू रामकुमार साहू, गोपकुमार साहू, तान सिंग ध्रुव, संतोष तारक, घनश्याम बघेल शामिल थे।

### जिले के 81 स्काउट गाइड को मिला 10 अंक का बोनस

**फिंगेश्वर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ गरियाबंद अंतर्गत राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में सत्र 2023–24 में उत्तीर्ण स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 10 नंबर बोनस के रूप में प्रदान किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं में 37 स्काउट गाइड एवं कक्षा 12वीं में 44 रोवर रेंजर कुल 81 छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बोनस अंक के रूप 10 अंक प्रदान किया गया। गौरव की बात है कि 10वीं के प्रावीण्य सूची में 9 वां रेंक प्राप्त करने वाले शौर्य शुक्ला पिता रोशन शुक्ला राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट हैं। इस पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला संघ गरियाबंद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला मुख्य आयुक्त बैसाखू राम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला आयुक्त गाइड रेखा शुक्ला, जिला सचिव रोमन साहू, डीओसी स्काउट आशीष कुमार एवं डीओसी गाइड सीमा साहू ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## आत्मानंद विद्यालय गरियाबंद में लॉटरी के माध्यम से हुए चयन

# कक्षा 1ली में प्रवेश के लिए 50 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में कक्षा 01 में प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का चयन किया गया किया गया। कक्षा 1 में प्रवेश हेतु 142 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त हुए। जिसमें 04 आवेदन में दो बार नाम आने के कारण निरस्त किया गया। तथा लॉटरी हेतु 138 आवेदन पात्र हुए। जिसमें से 50 छात्र -छात्राओं का चयन किया गया।

कक्षा 1 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों की संख्या 50 थी, जिसमें बीपीएल वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से 25 % के आधार पर 13 बालिका वर्ग अनारक्षित से 50% के आधार पर 25 एवं समस्त सामान्य वर्ग से 25% के आधार पर 12 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इस मौके एसडीएम गरियाबंद विशाल कुमार राणा तहसीलदार डोनेश्वर साहू पालक समिति के अध्यक्ष पारस ठाकुर, पालक समिति केउपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, बीआरसीसी तेजेश शर्मा एवं प्रभारी प्राचार्य मालगांव स्कूल सतीस तिवारी, समस्त पालकगण एवं संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध, संस्था की प्रधान पाठिका माध्यमिक विभाग श्रीमती नरगिस कुरैशी प्राथमिक विभाग की प्रधान पाठिका अर्चना पचबिए, किशोर साहू, कमलेश असरानी, डागेश्वरी साहू कैलाश कोसरे धर्मेंद्र कुमार मार्टल एवं हेमंत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।






# परशुराम के प्राकट्य उत्सव में महिलाओं ने बांटी प्रसादी



**नवापारा-राजिम।** नवापारा ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान विष्णु के छटवें अवतार भगवान परशुराम जी के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर पूजा-अर्चना के बाद समाज की मातृशक्तियों ने मेन रोड पे लगे पंडाल में दोपहर तक आने-जाने वाले हरेक लोगो को प्रसादी वितरण किया। प्रसादी वितरण में विशेष रूप से पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय की धर्मपत्नी सुअंजना उपाध्याय, छाया राही, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, रूचि शर्मा, सीमा शर्मा, किरण तिवारी, रश्मि तिवारी, वंदना शर्मा, तनु मिश्रा, रेणुका शर्मा, ममता शर्मा, अनामिका तिवारी, सुषमा शर्मा, तारिणी शर्मा, कुमुद पुराणिक, पुनम दीवान, भुवनेश्वरी शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल थी।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# जबलपुर से रायपुर के लिए सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी में रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

रेलवे ने लंबी और कम दूरी की ट्रेनों के संचालन, गति और गंतव्य स्टेशन की समीक्षा के बीच संकेत दिए हैं कि जबलपुर से रायपुर के बीच जल्द ही सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाई जा सकती है। जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में इस पर सहमति भी बन गई है। पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर, भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों मांग की व उनके संचालन पर मंथन किया।

खासतौर पर उन रूट पर जहां अभी मंडल के मुख्य रेलवे स्टेशन से सीधी ट्रेन नहीं है। इस दौरान जबलपुर रेल मंडल ने जबलपुर से रायपुर, प्रयागराज, उज्जैन आदि स्टेशन पर सीधी ट्रेन चलाने का प्रस्ताव पर अमल करने की तैयार हो रही है। इसमें सबसे पहले जबलपुर से रायपुर के बीच गोंदिया होते ही नई ट्रेन चलाई जानी है। संचालन के लिए ट्रैक-स्टेशन और यात्रियों की संख्या पर मंथन हो रहा है। इस दौरान इस रूट पर आ रही तकनीकी खामियों को दूर किया जाएगा।

## जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में सहमति बनने की सूचना

### बिलासपुर जोन भी कर रहा प्रयास

बीते दिनों जयपुर में हुई देशभर के रेलवे जोन की टाइम टेबल समिति में जबलपुर-रायपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें बताया जा रहा है कि सहमति बनाई जा रही है। संभावना है कि इस रूट पर सेमी हाईस्पीड वंदेभारत ट्रेन चलाई जा सकती है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड और पश्चिम मध्य रेलवे व बिलासपुर रेलवे जोन, दोनों ही प्रयास कर रहे हैं। माना जा रहा है कि आचार संहिता के बाद इस पर निर्णय हो सकता है।

■ जून में वंदे भारत ट्रेन की मिल सकती है सौगात



**पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों की मांग**

### समिति के समक्ष रखा गया प्रस्ताव

जबलपुर से रायपुर के बीच ट्रेन चलाने का प्रस्ताव जयपुर में हुई टाइम टेबल समिति के समक्ष रखा गया था। संभावना है कि जून से यह ट्रेन व्हाया गोंदिया होकर चल सकती है। इसके पहले सभी भौतिक तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

- राहुल श्रीवास्तव
सीपीआरओ पमरे

### रेलवे सभी पहलुओं पर कर रहा अध्ययन

जबलपुर से रायपुर के लिए कटनी होकर दिन में सिर्फ एक ट्रेन अमरकंटक चलती है। रूट लंबा होने की वजह से ट्रेन रात को जबलपुर से रवाना होकर सुबह रायपुर पहुंचती है। पीक सीजन हो या आम दिन, वेटिंग की वजह से ट्रेन में आसानी से आरक्षित सीट नहीं मिलती। हर दिन जबलपुर से लगभग दो हजार यात्री ट्रेन, बस और निजी वाहन से रायपुर के लिए सफर करते हैं। सिंगल लाइन होने की वजह से रेलवे सभी पहलुओं पर अध्ययन कर रहा है। संभावित है कि वंदेभारत ट्रेन रायपुर और प्रयागराज या बनारस के बीच चलाई जाए। जबलपुर से उज्जैन और शिर्डी के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### टॉपर्स विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री साय ने की वीडियो काल पर बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दसवीं-बारहवीं के नतीजे घोषित होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों से सीधे वीडियो काल पर बात कर बधाई दी। बच्चों के लिए अपने मुख्यमंत्री से इस तरह अचानक रुबरू होना बेहद आनंददायक अनुभव रहा। अपने मुख्यमंत्री से सीधे वीडियो काल पर जुड़े भावविभोर बच्चों में से किसी ने आईएएस बनने, तो किसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, तो किसी ने बैंकिंग सेक्टर में जाने की योजनाएं बताई। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों सहित उनके अभिभावकों और गुरुजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षा व मानसी प्रथम

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक कन्या एवं बालक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है किया। इसमें दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान दीक्षा साहू ने प्राप्त किए हैं। उन्हें 93.6 प्रतिशत प्राप्त हुए। देवेश्वरी को 90.6 प्रतिशत, ऋषभ गौतम 85.8प्रतिशत तथा योगेश वर्मा को 85.3 प्रतिशत मिले हैं। इसी तरह बारहवीं कक्षा में मानसी यादव को 90.6 प्रतिशत, वैशाली रजक को 88 प्रतिशत तथा नीलम साहू को 87.02 प्रतिशत मिले हैं।

### वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है ऐसी रिपोर्ट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा है



कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट सिर्फ हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा करना एवं चुनाव में हिंदू वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है। श्री साहू ने कहा कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट चुनाव के समय में ही जारी कर भाजपा द्वारा हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या के अनुपातिक प्रतिशत को लेकर जिस तरह देश में हिंदुओं के मन में डर व नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। वह सिर्फ हिंदुओं का वोट प्रभावित करने के लिए है, जो कि निंदनीय है। यह रिपोर्ट पूर्णतः अविश्सनीय भी है। भारत देश में हर 10 वर्ष के अंदर जनगणना करने की परंपरा स्थापित है, लेकिन सन 2021 में जो जनगणना होनी थी, वह अभी तक नहीं कराई गई है। देश की आवादी की संख्या का वास्तविक आधार जनगणना ही होता है, जिससे विभिन्न समुदायों की जनसंख्या के अलावा उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति की जानकारी मिलती है।

### मई की गर्मी से राहत चार दिन से तापमान चालीस डिग्री से नीचे

**रायपुर।** शुरुआत के पांच दिन तक असर दिखाने के बाद राजधानी में गर्मी कम हो गई है। पिछले चार दिन से शहर का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से कम दर्ज किया जा रहा है। छाए बादलों की वजह से धूप का प्रभाव कम है और लोग बिना स्कार्फ के दोपहर शहर आवाजाही कर पा रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मई के महीने अब तक सर्वाधिक तामपान पांच तारीख को 43.6 डिग्री दर्ज किया गया है, इसके बाद पुनः गिरावट का दौर शुरू हुआ, जिसकी वजह से अब तक राहत महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मई के महीने को गर्मी का पीक माना जाता है और शहर का तापमान 43-44 डिग्री के आसपास रहता है, मगर पिछले पांच दिन से पारा चालीस डिग्री के ऊपर नहीं जाने की वजह से लोगों ने राहत महसूस की है।

## राजधानी रायपुर में गिने-चुने खेल मैदान ही बचे

# खेल मैदान में मेला, खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

■ महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई

■ डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



शहर का आकाशवाणी स्थित गॉस मेमोरियल मैदान पूरी तरह से व्यवसायिक बन गया है। इसके कारण यहां खेल से ज्यादा मेला सहित अन्य व्यावसायिक आयोजन होते हैं। हाल ही में इस ग्राउंड को एक महीने के लिए मेला आयोजन के लिए दिया गया है, जिसकी तैयारियां भी मैदान में की जा रही हैं। इसके विरोध में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने मैदान में जाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इधर इस मामले में महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा है कि आखिर किस आधार पर खेल मैदान को मेला आयोजन के लिए अनुमति दी गई है।

राजधानी रायपुर में गिने-चुने ही खेल मैदान बचे हैं। इन मैदानों को भी अब व्यावसायिक रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मैदान की समितियां मैदानों के मेंटनेंस के नाम पर ज्यादा पैसे कमाने के लालच में इन मैदानों को मेला सहित विभिन्न व्यावसायिक आयोजन कराने की अनुमति दे रही हैं। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि गॉस मेमोरियल मैदान को वर्ष 2004 में सिर्फ खेल मैदान के रूप में आरक्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि ओपी चौधरी ने रायपुर के कलेक्टर रहते हुए अपने कार्यकाल में खेल मैदानों को सिर्फ खेल के लिए आरक्षित करने निर्देश भी दिए थे। इसके बाद से खेल मैदानों में सिर्फ खेल के आयोजन होने लगे थे, लेकिन अब मैदान फिर व्यावसायिक आयोजन के लिए दिए जा रहे हैं।

### वर्ष 2022 में लीज की अवधि खत्म

एजाज ढेबर ने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में गॉस मेमोरियल की लीज अवधि खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी मैदान को मेला लगाने के लिए अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि गॉस मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का कहना है कि इसकी अनुमति समिति ने नहीं दी है, फिर अनुमति किसने दी है। इसे लेकर महापौर ने डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। उन्होंने मेला अनुमति को भी तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### बीटीआई ग्राउंड रावणभाठा मैदान भी बना व्यावसायिक

गॉस मेमोरियल के साथ अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा मैदान पर भी मेला लगा हुआ है, जबकि मेला लगने से पहले मैदान में खिलाड़ियों का मेला लगा रहता था। मेला का आयोजन होने के कारण हर दिन क्रिकेट, फुटबाल सहित अन्य खेल खेलने वाले खिलाड़ियों ने मैदान आना छोड़ दिया है। इस मैदान में युवा के साथ बच्चे, बड़े व बुजुर्ग भी सैकड़ों की तादात में मॉर्निंग वॉक, व्यायाम एवं योग करने आते हैं। मेला लगने के कारण उन्हें भी परेशानी हो रही है। शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड का उपयोग भी अब व्यावसायिक रूप से ज्यादा होने लगा है, जिसके कारण यहां भी अब खेल नहीं हो पाते।

# निरस्त कराएंगे आदतन बदमाशों की जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ एसएसपी ने ली समीक्षा बैठक

जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने आदतन बदमाशों को पुनः जेल भेजा जाएगा। एसएसपी संतोष सिंह ने पुराने बदमाशों की जमानत निरस्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया है कि अपराध, गुम इंसान, मर्ग समेत अन्य लंबित प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता के साथ पंद्रह दिन के भीतर की जाए। एसएसपी संतोष सिंह ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में विजिबल पुलिसिंग नजर आनी चाहिए। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों, निगरानी गुंडे-बदमाशों और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर निगाह रखने विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। लंबित प्रकरण जो काफी पुराने हैं, उनका निराकरण पंद्रह दिवस के भीतर किया जाए। उन्होंने महिला/बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और इन मामलों से संबंधित आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा। धोखाधड़ी सहित अन्य संपत्ति संबंधी मामलों में थाना प्रभारियों को आरोपियों की पतासाजी करने एवं गंभीर मामलों की विवेचना स्वयं थाना प्रभारियों को करने के निर्देश दिए।

### नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

निजात अभियान के तहत नशे के पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा किसी भी सूरत में नशे का सामान नहीं बिकने देने की हिदायत दी। नशे का कारोबार करने वाले गिरोह की अंतिम सप्लाई चेन तक पुलिस टीम को पहुंचने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक आमजनों से जुड़कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

***शांतिपूर्ण चुनाव, जवानों को प्रशंसा पत्र:*** *एसएसपी ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइंस मैदान में जवानों की परेड ली। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए जवानों एवं अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को डीओ लेटर और जवानों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए।*

# मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कार पर पलटी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



सेजबहार क्षेत्र में मुजगहन नाला के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र कुमार सोनबेर और उनकी मां ईश्वरी सवार थे। इस घटना में दोनों को चोटें आई हैं, इनमें ईश्वरी सोनबेर को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मां के साथ कार से सेजबहार के आगे सोनपैरी स्थित फार्म हाउस जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही उनकी कार मुजगहन रोड में नाले के पुल के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी, उसमें मिट्टी भरी हुई थी। ट्रैक्टर को देखकर वे अपनी गाड़ी सड़क के किनारे लगा लिए। इसके बाद भी ट्रैक्टर चालक ने पुल पर चढ़ते समय गाड़ी को अनियंत्रित कर पलटा दिया। इससे ट्रैक्टर की ट्रॉली और उसमें भरी मिट्टी कार पर आ गिरी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में उन्हें कम चोटें आई हैं, लेकिन उनकी मां को गंभीर चोटें लगी हैं और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इधर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट के बाद ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक नशे में था, जिसके कारण वह ट्रैक्टर पर नियंत्रण नहीं रख पाया और दुर्घटना हो गई।

# प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक अब ओडिशा-झारखंड में करेंगे चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में चुनाव होने के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश के भाजपा नेताओं को ओडिशा और झारखंड भेजा जा रहे हैं। ये नेता वहां पर प्रचार करने का काम करेंगे। कई नेता चले गए हैं और कई नेता आने वाले समय में जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी लगातार दोनों राज्यों में सभाएं ले रहे हैं।

भाजपा प्रवासी कार्यकर्ता समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक अजय शुक्ला ने बताया ओडिशा में चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी व टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक राजेश मूणत, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, योगेश्वर राजू सिन्हा, गुरु खुशवंत साहेब, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायकगण शिवरतन शर्मा, त्रिलोचन पटेल व पिंकी शिवराज शाह, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, व चंदूलाल साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, धनीराम बारसे, जगन्नाथ पाणिग्रही के नाम तय किए गए हैं।

### ये रहेंगे झारखंड में

इसी तरह से झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, विधायक भावना बोहरा, भूलनसिंह मरावी, राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पैंकरा, डोमनलाल कोरसेवाड़ा, दीपेश साहू, रोहित साहू, प्रमोद मिंज, सुशांत शुक्ला, राय मुनि भगत भाजपा पदाधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी, सौरभ सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह, भरतसिंह सिसौदिया, अनिल केशरवानी, बाबूलाल अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी झारखंड में प्रचार करने का काम करेंगे।

# चैंबर का संविधान बदलने पर सुंदरानी ने खड़े किए सवाल, पारवानी बोले- सब प्रक्रिया के तहत हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के संविधान में संशोधन को लेकर व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने सवाल खड़ा किया है कि यह प्रक्रिया के तहत नहीं हुआ है। यह संशोधन अध्यक्ष ने अपने को लाभ पहुंचाने के लिए किया है। महज डेढ़ से दो सौ सदस्यों को बुलाकर विशेष सभा बुलाना ही सही नहीं है। इस मामले में अध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है, सब कुछ प्रकिया के तहत किया गया है।

श्री सुंदरानी ने चैंबर अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए आपत्ति की है कि चैंबर का संविधान संशोधन सही नहीं है। श्री सुंदरानी का कहना है, संविधान संशोधन का न तो सार्वजनिक प्रकाशन किया गया है और ना ही सूचना पत्र भेजा गया है, जिसमें संविधान संशोधन की बिन्दुवार जानकारी हो। श्री सुंदरानी ने पत्र में लिखा है, मेरा सीधा आरोप है ये संविधान का संशोधन आपने स्वयं के लिए किया है।

### सब प्रकिया के तहत

चैंबर के अध्यक्ष अमर पारवानी ने हरिभूमि के पूछने पर बताया कि संविधान में संशोधन नियम के तहत की किया गया है। मेडिकल कॉलेज के सभागृह में हुई आमसभा में इसको पारित किया गया था, बाकी में विशेष आमसभा बुलाकर इसको जारी किया गया है। जो भी संशोधन किया गया है, चैंबर के संविधान की प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमों से किया गया है। अब कोई भी अध्यक्ष का चुनाव कितनी भी बार लड़ सकते हैं, श्रीचंद सुंदरानी सहित पूर्व के सारे अध्यक्ष भी चुनाव लड़ने के पात्र हो गए हैं।

## हर महीने पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत हर माह दो दिन चलाए जाने वाले अभियान में पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से चांपा-जांजगीर जिले में हड़कंप मच गया है। निजी अस्पतालों को जारी किए गए इस आदेश पर आईएमए ने आपत्ति की है। उनका तर्क है कि शासकीय जिला अस्पताल में यह सुविधा नहीं है, इसलिए निजी संस्थाओं पर उसका भार डाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले आदेश का हवाला देते हुए निजी सोनोग्राफी सेंटर को इस बात की ताकीद भी की गई है कि उनके द्वारा माह के 9 और 24 तारीख को इस अभियान के तहत की गई निशुल्क सोनोग्राफी की जानकारी के साथ उन्हें मरीज की विस्तृत रिपोर्ट के साथ अवगत कराया जाए। इस आदेश के बाद वहां से निजी चिकित्सकों और सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों में हड़कंप मच गया है। यह भी शिकायत की जा रही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना किसी जानकारी के सोनोग्राफी सेंटरों को इस योजना का हिस्सा बना लिया गया है।

# उधार के रीएजेंट से आधी जांच, हार्मोंस संबंधी टेस्ट से आंबेडकर अस्पताल के मरीज अभी भी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उधार के रीएजेंट की बदौलत आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आधी जांच की राहत मिल रही है। हार्मोंस और ट्यूमर मार्कर संबंधित जांच के लिए मरीजों को अभी इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन इस बात को लेकर भी चिंतित है, सीमित कोटा अगले दस दिन में समाप्त हो जाएगा इसके बाद क्या होगा। रीएजेंट की स्थायी व्यवस्था के लिए अभी विचार-मंथन का दौर चल रहा है।

टेस्ट किट के संकट से जूझ रहे आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को राहत देने के लिए एसीएस मनोज पिंगुआ के हस्तक्षेप के बाद बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज से रीएजेंट तथा आवश्यक दवाओं की व्यवस्था कर राहत देने की कोशिश की गई है। प्राप्त किट के माध्यम से मरीजों की आरएफटी-एलएफटी सहित अन्य रूटीन जांच पूरी की जा रही है, मगर कुछ विशेष तरह के टेस्ट के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है अथवा निजी लैब जाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में कई मरीज ऐसे आते हैं, जिनके विटामिन से संबंधित टेस्ट कराने पड़ते हैं। कुछ का इलाज करने के लिए थायरायड टेस्ट करना पड़ता है। इसी तरह हार्मोंस से संबंधित जांच नहीं हो पा रही है, ऐसे मरीजों के सैंपल फिलहाल नहीं लिए जा रहे हैं। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि विशेष जांच कम संख्या में होती है, मगर बड़ी चिंता सामान्य तरह की जांच के लिए रीएजेंट का स्थायी रूप में इंतजाम किए जाने की है। उधार में मिली किट सीमित मात्रा में हैं, जो अगले दस दिन में समाप्त हो जाएगी। इसके बाद मरीजों की जांच किस तरह होगी, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

### टेस्ट नहीं हो रहे

12, डी-12, टी-3, टी-4, टीएसएच, पीएसएच, एलएम, प्रोलाइक्टीन सहित अन्य हार्मोंस संबंधित टेस्ट, इम्यूनोलॉजिकल संबंधित टेस्ट, कार्डियक, ट्यूमर सहित अन्य मार्कर।

### जांच की सुविधा

आएफटी, एलएफटी, प्रोटीन से संबंधित टेस्ट, लिपिड प्रोपाइल सहित अन्य जांच।

### कार्डियक टेस्ट का इंतजार

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में कार्डियक सर्जरी के दौरान मरीजों को हार्ट लंग्स मशीन में रखने के दौरान उनके आक्सीजन तथा ब्लड सर्कुलेशन नापने के लिए टेस्ट किट की आवश्यकता होती है। यह किट की व्यवस्था जरूरत होने पर इंप्रेस मनी के माध्यम से करनी पड़ रही है। डिमांड की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, मगर सप्लाई नहीं हो पा रही है।

### स्थायी इंतजाम करेंगे

मरीजों को रूटीन जांच से संबंधित सुविधा मिलने लगी है। विशेष तरह की कौन सी जांच नहीं हो रही है, यह विभागीय स्तर पर पता चल सकता है। टेस्ट किट के स्थायी इंतजाम के लिए सिस्टम बनाने का प्रयास किया जा रहा है

- डॉ. एसबीएस नेताम
चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

# जग्गी हत्याकांड से जुड़े 14 दोषियों को 4 जून तक करना होगा सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राकांपा के कोषाध्यक्ष रामावतार जग्गी हत्याकांड से जुड़े 14 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने 4 जून तक सरेंडर करने की मोहलत दी है। सूत्रों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपंकर दत्ता की युगल पीठ ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया है। साथ ही कोर्ट ने इस केस में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी सहित अन्य दोषियों की जमानत याचिका भी खारिज कर दी है। विदित हो कि महीनेभर पहले जग्गी हत्याकांड केस में 28 दोषियों को सप्ताहभर में सरेंडर करने का आदेश दिया था। इसमें से 14 दोषी सरेंडर कर चुके हैं, जबकि 14 अन्य दोषी हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद भी अब तक सरेंडर करने नहीं पहुंचे हैं। सरेंडर नहीं करने वाले दोषियों में विनोद सिंह राठौड़, राकेश कुमार शर्मा, अभय गोयल, शैलेंद्र सिंह परिहार, अशोक सिंह भदोरिया, विवेक सिंह भदोरिया, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, सुनील गुप्ता, हरिश चंद्रा, सुरेश सिंह, जामवंत, श्याम सुंदर, विनोद सिंह और विश्वनाथ राजभर के नाम शामिल हैं।

### अक्षय तृतीया पर साईंनगर जोरा में प्याऊ शुरू

**रायपुर।** अक्ती तिहार पर प्यासे राहगीरों को पानी पिलाने साईंनगर जोरा में प्याऊ प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के राहगीरों को ठंडा मठा भी पिलाया गया। इसके अलावा पूरी गर्मी व्यतीत होने तक बीच-बीच में आम पना, अलग-अलग फ्लेवर के शीतल पेय और छाछ आदि भी पिलाए जाएंगे। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी पूर्व अध्यक्ष, संतोष शर्मा पूर्व सचिव, सुरेश सोनी, छगनलाल साहू, सुब्रमण्यम, माधव कृष्ण झा, गोविंद माधव झा, कमलेश सिन्हा और भावना चंद्राकर आदि का प्याऊ प्रारंभ करने में विशेष योगदान रहा।

# आखिरकार नहीं लगा ट्रांसफार्मर, युवाओं ने स्वंय के खर्च से जनरेटर लगावाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किलोमीटर दूर पैरी उदगम स्थल भाठीगढ स्थित एकमात्र पैरी स्टेडियम में शुक्रवार रात 8:00 बजे के आसपास मैनपुर प्रीमियम लीग रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का जोरदार शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने पूजा कर एवं बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वहीं 40 लाख रुपए खर्च कर स्टेडियम में लगाए गए हाई मास्ट लाइट बिजली नहीं होने के कारण जनरेटर से युवाओं ने चालू किया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ कर एसडीम मैनपुर डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कहा रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र की युवाओं खिलाड़ियों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है निश्चित



## शाम 6 बजे से क्रिकेट प्रतियोगिता

एक सप्ताह से अधिक समय तक चलने वाले इस रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में आयोजक समिति द्वारा सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है और क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें इस क्षेत्र के सभी लोगों का बेहतर सहयोग मिल रहा है उन्होंने बताया प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक ग्राम प्रमुख हेमसिंह नेगी, सरपंच भाठीगढ़ जिलेद्र नेगी, मोहित द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान, रूपेश साहू, आयोजक समिति के प्रमुख रशीद खान, टीकम पटेल, ओशिश साहू,कोमल साहू, नजीब बेग, उमेन्द्र, दुर्गा प्रसाद यादव, उपेंद्र साहू चूड़ामणि, टीकम देवशी, अजय राजभर देवचरण टिंकू लिबास पटेल सहित बड़ी संख्या में आयोजक समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे।

रूप से इस क्रिकेट प्रतियोगिता से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा खिलाड़ी खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में शामिल हो और अपना बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करें।, ग्राम प्रमुख हेमसिंह नेगी ने यहां कि इतना बड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है लेकिन अभी तक प्रशासन यहां लगभग 40 लख रुपए के लागत से लगाया जाए बिजली की हाई मास्क लाइट को चालू नहीं किया है जिसके कारण क्षेत्र के खिलाड़ियों को जनरेटर में लाइट जलाकर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करना पड़ा है।

आयोजक समिति के प्रमुख रशीद खान ने बताया मैनपुर प्रीमियम लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए, दूसरा पुरस्कार 25 हजार रुपए एवं कई आकर्षक इनाम रखे गए हैं। उन्होंने बताया इस क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग 60 टीमों ने भाग लिया है।

## खबर संक्षेप

### अग्र शिरोमणि संस्था के सदस्यों ने 12वीं की टॉपर महक को किया सम्मानित

**सरायपाली।** नगर की बेटी महक अग्रवाल द्वारा कक्षा बारहवीं की परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर नगर की अग्र शिरोमणि संस्था द्वारा निवास स्थल जाकर महक को अग्रसेन महाराज का मोमेंटो, स्टिकर व नगद राशि भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के मनोज अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, पवन अग्रवाल व कमल किशोर अग्रवाल ने कहा कि सरायपाली नगर व हमारे अग्र वंश को गौरवान्वित करने वाली महक अग्रवाल ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। महक ने अपनी इस शानदार उपलब्धि से सरायपाली नगर व अग्र वंश के मान व गौरव को पूरे प्रदेश स्तर पर बढ़ाया है। इस पर अग्र शिरोमणि संस्था सरायपाली द्वारा इस उपलब्धि के लिए हर्ष जताया है।

## पेज 9 के शेष

### एक दिन में ही ...

मरम्मत कार्य के साथ पाइप लगाने का कार्य किया जा रहा है।

**तेजी से किया जा रहा है सुधार कार्य :** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता गरियाबंद पंकज जैन ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के कई ग्रामों में नया हैंड़पंप खनन के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जल्द ही हैंड़पंप खनन कार्य करवाया जायेगा। उन्होने बताया कि जहां -जहां हैंड़पंपों खराब होने की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा दी जा रही है पीएचई विभाग द्वारा सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत भी जहां बंद पड़े हैं। उसे सुधार करवाने का निर्देश दिया गया है।

### अंचल में नहीं थम...

केमिकल से ही बना होता है। केमिकल किसी न किसी तरह हमारे शरीर में चला जाता है। इससे कैंसर, फेफड़े और दिल के रोग का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि न सिर्फ थैले का उपयोग बल्कि आज के समय में दैनिक इस्तेमाल का हर सामान प्लास्टिक से बना होता है। हम सभी जो मोबाईल इस्तेमाल करते है वह भी उसी से बना होता है। यह हार्ट के लिए काफी हानिकारक है। लोग इसे अपने हार्ट के करीब रखते है इससे दिल की बीमारी भी लोगों में तेजी से बढ़ रही है। हमेशा प्लास्टिक इस्तेमाल न करने की दी जाती है सलाह। पॉलीथीन का प्रयोग पर्यावरण और मानव की सेहत दोनों के लिए खतरनाक है। कभी न नष्ट होने वाल पॉलीथीन भूजल स्तर को प्रभावित कर रहा है। डॉक्टर नेताम ने बताया कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के साथ हमारे जीवन के लिए भी हानिकारक है। यह बीमारियों का जड़ है। हमें प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के उपयोग से बचना चाहिए। रोजमर्रा की खरीदी के लिए साथ में घर से झोला लेकर जाना एवं सामान भी कागज अथवा कपड़े से बनें पैकेट में मांगना चाहिए।

### पर्व : अक्षय तृतिया पर घर-घर में मनाया गया विवाहोत्सव

# अक्षय तृतीया पर मड़वा सजाकर किया नृत्य, बारात स्वागत के बाद हुआ टिकावन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर सहित अंचल में शुक्रवार को अक्षय तृतिया का महापर्व का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इससे पूर्व बाजार में पर्व को लेकर विगत कई दिनों से रौनक नजर आई थी। मिट्टी के पारंपरिक गुड्डे-गुड़ियों से सजे बाजार में ग्राहकों की भीड़ आज भी देखी गई, इसके साथ ही परंपरा अनुसार बच्चों ने भी अक्ती पर गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई। गुड्डे-गुड़ियों की शादी में बच्चों के साथ बड़ों ने भी हिस्सा लिया। विवाह की सारी रस्में अदा कराई। मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य भी किया। साथ ही जिले में खूब शादियां हुई। शुक्रवार को सुबह से ही बच्चे अपने दोस्तों को गुड्डे-गुड़ियों की शादी में शामिल होने का न्यौता देते रहे। शहर के वार्ड नो 1एवँ 2 शिव दुर्गा चौक धूमधाम से अक्षय तृतीया की खुशियां बांटी गई। बच्चों ने बाजे-गाजे के साथ हल्दी, तेल की रस्म पूरी की। बारात निकाली। फिर शाम 7 बजे टिकावन भी हुआ। सुबह से ही बच्चे अपने दोस्तों को गुड्डे-गुड़ियों की शादी में शामिल होने का न्यौता देते रहे। शहर के शिवा चौक, पुराना मंगल बजार काली पारा संतोषी मंदिर बजरंग चौक में धूमधाम से अक्षय तृतीया की खुशियां बांटी गई। बच्चों ने बाजे-गाजे के साथ हल्दी, तेल की रस्म पूरी की। बारात निकाली। फिर शाम 7 बजे टिकावन भी हुआ।



### छत्तीसगढ़ी की संस्कृति को हमारे बच्चों को जानना ज़रूरी: ललित

बच्चों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति से रूबरू कराया गया। बुजुर्गों के मुताबिक अक्षय तृतीया गुड्डा-गुड़ियों की शादी का अनोखा पर्व है, जिसमें मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया का ब्याह रचाया जाता है। बच्चों की खुशियों में परिवार के बड़े-बुजुर्ग भी शामिल होते हैं। गुड्डा-गुड़ियों का विवाह रचाने से बच्चों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति में निभाए जाने वाले संस्कारों की जानकारी भी दी जाती है, ताकि बच्चे जब बड़े हो जाएं, तो उन्हें पहले से संस्कारों की जानकारी हो। इन संस्कारों में तालाब से चुलमाटी लाने की रस्म, तेल, हल्दी लगाने, सिर पर मौर-मुकुट बांधने, फेरे लेने, विदाई आदि रस्मों के बारे में सिखाया जाता है।

### बच्चों ने बनाया कार्ड

बच्चों ने कार्ड भी बनाया था, जिसे आसपास घरों में वितरण कर शादी में आमंत्रित किया। 9 मई को चुलमाटी, तेल, हल्दी, मायन हुआ। गुड्डा-गुड़िया को हल्दी लगाकर रस्म की शुरुआत की गई। दूसरे दिन 10 मई को दोपहर बाद बारात निकाली गई। बारात में बच्चों के साथ परिजन भी शामिल हुए। शाम को विधि-विधान से शादी की रस्म पूरी कर टिकावन रखा गया, बच्चों सहित बड़ो और बुजुर्गों ने खूब आनंद लिया कल त्योहार का शहर के शिवा चौक को लोग गोकुलधाम भी कहते है यहाँ मुहल्लेवासी एकजुट हो कर सभी कार्यक्रम गणेश पक्ष दशहरा कृष्णजन्माष्टमी और समय समय भंडारा प्रसादी वितरण करते भी नज़र आते है।

# हाई स्कूल घटकर्रा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पाण्डुका



शासकिया हाई स्कूल घटकर्रा का पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम लगभग 94% रहा। इस वर्ष 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का अब तक का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुष्यंत कुमार पिता लोमश राम ग्राम आसरा ने 93.66 % अंक अर्जित किया। द्वितीय स्थान पर पेमेश कुमार पिता स्वर्गीय गिरवर ग्राम नागझर ने 92.33 % अंक अर्जित किया तृतीय स्थान पर कु.प्रेमलता पिता लोकनाथ ग्राम आसरा ने 85.5 % अंक अर्जित की चतुर्थ में कु.जागृति पिता नंद कुमार ग्राम नागझर रही। शेष बच्चों ने 77 % अंक अर्जित किये इनमें कुमारी सानिया पिता पुनमपुरी ग्राम बोडराबांधा, भेषराम पिता चित्रसेन निर्मलकर, कुमारी दुर्गा पिता नीलकमल ग्राम आसरा रही। शेष बच्चों ने 66% अंक अर्जित किया। तुषार तुईयामुडा, यागेश घटकर्रा, कुमारी सीमा घटकर्रा, चंद्रकिरण घटकर्रा कुमारी हिमानी आसरा, कुमारी मनीषा डिहिपारा रही। शेष बच्चों ने भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढ़ाया है। ये वहीं घटकर्रा स्कूल है जहाँ सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने मिलकर 2021-22 में एक-एक हजार रुपये एकत्रित कर बंजर जमीन में तार का घेरा बनाकर बिना किसी शासकीय सहयोग से हरा -भरा कर दिया। आज विद्यालय प्रांगण देखने में सुंदर लगता है। ये वही स्कूल है जहां प्रति माह 300 रुपये प्रति शिक्षक जमा कर मात्र 1700 रूपये में गांव के एक व्यक्ति को विद्यालय की साफ-सफाई कराते है। इतनी कम राशि में वह व्यक्ति सेवा की भाव से कार्य करते है। क्योंकि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित शालाओं में न तो स्वीपर है , न चपरासी है और न तो लिपिक होता है। इन विषम परिस्थितियों में विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहनीय है। शायद जिले में ऐसा अन्य कोई विद्यालय होगा जहां शिक्षक व शिक्षिकाएं अपने वेतन से यह कार्य करतें होंगें जो की बहुत ही सराहनीय कार्य है। स्कूल के शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा ने बताया हमारे विद्यालय सभी बच्चों से लेकर शिक्षक एक दूसरे के सहयोग के भावना से स्कूल के प्रति समर्पित भावना से काम करते हैं। उसका यह एक उदहारण है की विद्यालय का परीक्षा परिणाम सम्मान जनक है।

# साहू समाज की भानेश्वरी जयंती और आदर्श विवाह में लाला साहू शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम




प्रदेश साहू संघ एवं जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम सिंघोला राजनांदगांव में आयोजित हुआ जिसमें राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम से लौटकर समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह थे।

अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल राम साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ताम्रध्वज साहू, विधायक मोतीलाल साहू, रमशीला साहू, खेदुराम साहू, भुवनेश्वर साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, पवन साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं लाला राम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति शामिल थे।

# श्रीराम जानकी विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

10 वीं एवं बारहवी की बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा संचालित श्रीराम जानकी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12 में कुल 49 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 25 प्रथम श्रेणी, 15 द्वितीय श्रेणी एवं 1 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी प्राप्त किया।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम 83.67 प्रतिशत रहा। जिसमें वाणिज्य संकाय की छात्रा भूमिका सोनकर ने 83.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, शिवम कंसारी 83.4 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान और याशिका साहू ने 79 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 10 वी में कुल 67 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए जिसमें 22 प्रथम श्रेणी, 30 द्वितीय श्रेणी और 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी प्राप्त कर सफलता हासिल किए है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 80.60 प्रतिशत रहा।

जिसमें गरिमा सोनकर ने 93.16 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, दिव्यप्रकाश साहू ने 85.5 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान और करणवीर सिंह ने 83.83 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए अध्यक्ष कोमल सोनकर, प्राचार्य निखिल दास, प्रधानाचार्य लक्ष्मण सोनकर, वरिष्ठ शिक्षक संतोष ताम्रकार ने बधाई दिया है।

## एचपी गैस ग्राहक के 45 हजार ई-केवाईसी पेंडिग, एजेंसियों को 31 मई तक पूरा करने निर्देश

**बसना।** एचपी गैस ने अपने सभी ग्राहकों का आधार बेस्ड ईकेवायसी करने के लिए 31 मई 2024 तक का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में सभी वितरकों को लक्षित समय सीमा के भीतर सब्सिडी का लाभ उठा रहे ग्राहकों का ईकेवायसी करवाने के संबंध में आखिरी निर्देश जारी किए गए हैं। शहर के गैस वितरकों ने बताया कि यह गतिविधि पिछले 5 महीने से लगातार चल रही हैं, इसलिए इसके लिए अंतिम तिथि की घोषणा कभी भी हो सकती है। वितरकों को 31 मई तक पूरा करने अंतिम आदेश जारी हुआ है, बचे हितग्राहियों को ई-केवाईसी पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।

# नगर के युवा केदारनाथ यात्रा के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

चार धाम यात्रा प्रारंभ हो गया है नगर के युवाओं ने भी भगवान केदारनाथ की यात्रा में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। जिसमें हर्षित दीक्षित, हर्ष दीक्षित, ऋषि राज गुप्ता, ललन त्रिवेदी है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में स्नान के बाद भगवान केदारनाथ के दर्शन करेंगे। उनके केदारनाथ रवाना होने पर उनके परिजनों ने भगवान भोलेनाथ के लिए श्री फल, फूल एवं अन्य सामग्री दी।



# पतोरा में अक्षय तृतीया का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





ग्राम पतोरा मे अक्षय तृतीया पर्व हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन गांव के प्रमुख चौक में गुड्डे–गुड़ियों का विवाह मंडप तैयार कर विधि विधान पूजा अर्चना विवाह कार्य संपन्न कराया गया। फिंगेश्वर के वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित ने भी सपरिवार घर की पूजा मे शरीक होकर अक्षय तृतीया की बधाई दी।सुबह से ही अक्षय तृतीया को लेकर व्यापक रूप से छोटे- छोटे बच्चों के द्वारा तैयारी की गई थी।

ढोल नगाड़ों के साथ घर–घर जाकर आमंत्रण दिया गया। जिसको गांव वालों ने सहर्ष स्वीकार करते हुए उनके खुशियों में शामिल होने की बातें कहीं। बच्चों के द्वारा पुतरा- पुतरी के विवाह के लिए सुन्दर मंड़प बनाया गया था। चुलमाटी, मेंहदी,पारम्परिक बाजा टिकावन पूरे हिन्दू रीति रिवाज के साथ मनाया गया। कहते हैं अक्षय तृतीया पर्व का दिन अन्य दिनों की अपेक्षा काफी शुभ माना गया है।बहुत से मांगलिक कार्य का शुभारंभ अक्षय तृतीया के साथ शुभारंभ होता हैं। भगवान परशुराम का जन्म, किसान गांव के ठाकुर दिया में धान की विशेष पूजा अर्चना जैसे अनेक शुभ मुहूर्त मानकर किया जाता हैं जिसका उल्लेख हमारे धर्म ग्रंथों एवं शास्त्री में मिलता है।

गांव वालों के लिए खीर पुड़ी, नास्ता एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। इस पुण्य के कार्य में गांव वालों का भरपूर सहयोग रहा। जिसमें छोटे बच्चों के साथ गांव के महिला, पूरूष, नवजवान युवाओं का भी सहयोग दिये। प्रमुख रूप से कुमारी पूजा, रानी, मधु, तनु, गायत्री, मीनाक्षी, गुनगुन, नैतिक, चेमन, लक्की, मनीष, भीनेश, तुषार, धन्नू ,करण, सिद्धि, हीना, कुमारी बाई, बिराजो बाई, दुलारी, रेवती, सुनीता, सेवती, चुन्नी बाई, पूना बाई, लोकेश्वरी साहू, मुक्ति साहू, नंदनी दीवान, समुंद बाई, दयाराम दीवान, मुकेश साहू, टीकम साहू का विशेष सहयोग रहा।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रुकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### ख्याली पुलाव पका रहे है राहुल गांधीः योगेश



**मैनपुर।** कांग्रेस नेता राहूल गांधी के यह कहने पर कि ये चुनाव मोदी जी के हाथ निकल चुका है, इस पर भाजपा जिला गरियाबंद उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहूल गांधी ख्याली पुलाव पकाते रहेंगे उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, मुद्दाविहीन हो गई है। इस चुनाव में कांग्रेस देश में अब तक सबसे कम सीट लायेगी उन्होने कहा छत्तीसगढ़ में पूरे 11 सीटों में भाजपा जीत रही है। छत्तीसगढ़ के साथ ही पूरे देश में भाजपा को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। सभी जगह भाजपा के पक्ष में बेहतर वातावरण है और 400 पार का हमारा लक्ष्य साकार होते दिखाई दे रहा है।

### आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता उजागर



**मैनपुर।** प्रदेश में 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 70 फीसदी छात्र छात्रओं ने टॉप करने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने खुशी जाहीर की है, श्री ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ के पूर्व भुपेश बघेल सरकार द्वारा मध्यमवर्ग, गरीबों के बच्चो को बेहतर और निः शुल्क में इंग्लिश माध्यम में शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शुरू किये गये स्वामी आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता दिखने लगी है। गरीब मध्यम वर्गीय परिवार के लिए यह स्कूल काफी लाभदायक साबित हुआ है, दुरस्थ वनांचल आदिवासी क्षेत्रों में गरीब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा हासिल करने का बडा अवसर मिला है, श्री ध्रुव ने कहा कि इसी स्वामी आत्मानंद स्कूलो के 12 वीं की प्रवीण सूची में टॉप टेन में 08 बच्चे और 10 वीं के प्रवीण सूची टॉप टेन में 21 बच्चों ने स्थान बनाया है, श्री ध्रुव ने अपने प्रेस विज्ञप्ति आगे कहा कि स्वामी आत्मांनद स्कूल भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की देन है जिसमें पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं को मुफ्त स्कूली शिक्षा के साथ- साथ पढ़ने लिखने के लिए काफी किताब और युनिफार्म भी निःशुल्क सरकार के माध्यम से दिया जाता था, श्री ध्रुव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार आत्मांनद स्कूल का नाम बदलना चाह रही है, जो गलत है।

### बाइक की ठोकर से लड़की घायल, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम भगतदेवरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवती घायल हो जाने की घटना सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पेंड्रावन निवासी नंद कुमार साहू ने थाने मे शिकायत दर्ज कराया है कि 9 मई को दोपहर करीब 02 बजे उसकी भतीजी दिव्या साहू और गणेश सिदार मोटर सायकल से स्टेट बैंक पिथौरा से पैसे निकालकर पेंड्रावन लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम भगतदेवरी सरस्वती शिशु मंदिर के पास मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीटी 0426 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया।

अक्ती त्योहार की ग्राम मुढ़ीपानी, रूवाड, कुडेरादादर, रुवाड, दादर में रही धूम

# अंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्ती त्योहार, बच्चे बने घराती और बाराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अक्षय तृतीया शुक्रवार को अंचल में धूमधाम से मनाया गया। साथ ही इस दिन बच्चे अपने घर के आंगन में मिट्टी के गुड़िया व गुड्डा का शादी रचाए गये। लेकिन बच्चों के लिए इस त्योहार का अलग ही महत्व है। वो इसलिए क्योंकि अक्षय तृतीया के लिए मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों पसंद करने से लेकर घर में तैयारियां पूरी करने और शादी करने तक का सारा काम बच्चे ही करते हैं। गुड्डे-गुड़ियों की ओर से घराती बाराती भी बच्चे ही बने। इसके लिए बच्चों ने गुरुवार देर रात तक बड़े बुजुर्गो व ग्रामवासियों को अक्ति का निमंत्रण दिया। इसी दिन भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती भी मनाई गई। वे ब्राहाणों के आराध्य हैं। अक्षय तृतीया का दिन सालभर की शुभ तिथियों में आता है, अक्षत तृतीया के दिन को त्रेता युग की शुरुआत भी माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन किये गये कार्या से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। न क्षय इति अक्षय यानी जिसका कभी क्षय न हो वह अक्षय है। इसी दिन किसान खरीफ फसल के लिए खेत में जाकर मुड लेते हैं यानी धान बोआई की शुभारंभ करते हैं। आदिवासी समाज के सदस्य संतराम कोमर्रा ने बताया कि अक्ति तिहार के दिन हम लोग आम, मुगदाल, चना दाल, ब्याज, दूध, दही, सूखा महुआ को घी में डुबो कर अपने बुढा देव में प्रसाद के रुप चढ़ाते हैं। साथ ही नया आम के फल, चार चिरोंजी, नया महुआ के फूल को भी चढ़ाने अत्ति तिहार के बाद ही सेवन करते हैं। इस दिन मृत परिजनों को भी अत्ति पानी दिया जाता है। इस दिन किसानों के लिए भी विशेष होता है। अक्ति तिहार ग्राम मुढीपानी, रूवाड, कुडेरादादर, रुवाड, दादर गांव नया, कनसिघी, कोठी गांव, पंडरी पानी गोंड, टोनहीडबरी, सेम्हरा टेगनाबासा, रावनाभाटा, भरूवामुडा, सिवनी, पेंड्रा आदि गांवों में अक्षय तृतीया बड़ी धूमधाम से मनाया गया।



### पूरी रस्म के साथ रचाई गुड्डा- गुडिया का विवाह

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर परसदाखुर्द में अक्ति पुत्री त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बच्चों की टोली अक्ती पुतरी तिहार के लिए तैयारी में लगा रहा। बच्चों के द्वारा गुड्डा गुड्डी की विवाह की सभी रस्म पूरी की गई। शादी में बाजा व डीजे का भी व्यवस्था बच्चों ने की थी। बच्चों के साथ बच्चों के पालक भी इस कार्यक्रम में जुटे रहे। पालकों ने भी अक्षय तृतीया त्यौहार के अवसर पर गुड्डा गुड्डी के विवाह में शामिल हुए और टिकावन भी दिए। इस अवसर पर गांव के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### अंचल में धूमधाम से मनाया अक्ति त्योहार

**कोपरा।** फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम भेंडरी, लोहरसी सहित पूरे क्षेत्र में अक्षय तृतीया अर्थात अक्ति के दिन युवतियों ने बच्चों संग मिलकर शुक्रवार को अनोखे अंदाज में मनाई। ग्रामीणों के सहयोग से बकायदा घर- घर पहुंचकर गुड्ढे-गुड़ियों के शादी का नेवता दिया। आयोजन से जुड़े लोगों ने दूल्हा का नाम प्रभु रामचंद्र पिता दशरथ निवासी अयोध्या और पुतरी का नाम सीता पिता जनकराम निवासी जनकपुरी बताई। बच्चों ने शादी का मंडप भी सजाया। चुलमाटी, मेंहदी, तेल हल्दी, मायन नाचा, परम्परिक बाजा से बारात स्वागत, टिकावन सहित विवाह के सब हिन्दू रिति रिवाज से रस्में किए गए। रानू साहू, यामनी ध्रुव, विपासा ध्रुव, डामेश्वरी, पायल, तोमेश, मुकेश, हेमन्त, सुनीता, वासु, भगवती ने बताया कि हर साल इस तरह का आयोजन होता है, लेकिन इस बार खास रहा। सभी रस्मों में मूहल्ले के बड़ों ने भी भागीदारी



निभाई। आसपास के युवतियों ने साड़ी पहन कर पहुंची थी। लोग पुतरी को हल्दी लगाने पहुंचे। टीकावन में उन्होंने दुल्हा-दुल्हन यानि पुतरी पुतरा को उपहार भी दिए। पंगत में मीठा भोज, खीर, पूरी परोसे गए।

### अंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्ति त्योहार

**छुरा।** समीप ग्राम लोहझर, गिधनी, पण्डरीपानी, हरदी, डांगनबाय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सभी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर अक्ती तिहार मनाया गया। प्रातः गांव में कृषि संबंधी सभी कार्य बंद रखा गया। एवं गांव के बैगा एवं गांव प्रमुख द्वारा शीतला तालाब में गंगा जी का पूजा अर्चना नारियल सुपारी अर्पण कर गांव के लिए सुख समृद्धि गांव की खुशहाली नए वर्ष में कृषि कार्य हेतु अच्छी बारिश हो आशीर्वाद मांगा गया।



## जेंजरा हाईस्कूल में 93% अंक के साथ चांदनी साहू प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय हाईस्कूल जेंजरा विकासखंड फिंगेश्वर में हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 का परिणाम उत्कृष्ट रहा। ग्राम मुड़तराई निवासी कक्षा दसवीं में चांदनी साहू पिता हुलास राम साहू ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विदित हो कि चांदनी साहू प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं और प्रत्येक वर्ष अपने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल करती आई है। उनके इस उपलब्धि पर कूर्मि समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज राजिम परिक्षेत्र के अध्यक्ष तोरण ध्रुव, पिंटू वर्मा आदि ने उनके घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी तथा श्रीफल व गमछा भेंटकर सम्मानित किया। उन्हें बधाई देने वालों में उनके माता पिता हुलास राम साहू, दीपक साहू सहित स्कूल के शिक्षकगण राकेश वर्मा, लाखेश्वर द्विवेदी,अशोक पुर्रे, प्रभा चंद्राकर, टीकम साहू, महेंद्र साहू, टिकेश्वर चक्रधारी, सरपंच हीरामनी साहू, ईश्वर लाल साहू एवं सहपाठीगण शामिल हैं।

### लिलेश ने कक्षा10वीं में हासिल की 90.83% अंक



**नवापारा-राजिम।** ग्राम डोंगीतराई के लिलेश निर्मलकर पिता ओमप्रकाश निर्मलकर ने कक्षा दसवीं में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा नं 2 में 90.83 फीसदी अंक पाकर अपने गांव और अपने स्कूल का गौरव बढ़ाया। इस ग्रामीण छात्र को सेवानिवृत्त प्रधानपाठक आरएस साहू ,एमएल मानिकपंन , टिकेश्वर साहू, रेखराम साहू, शेष नारायण निर्मलकर, लाकेश, यशवंत ने बधाई दी है।

## किसानों को कृषि कार्य के लिये पूर्व की तरह प्रति एकड़ 26 हजार रुपये दिया जाये : रामकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

09 मई भाजपा सरकार के द्वारा सहकारी समितियों को इस वर्ष किसानों को फसल लगाने प्रति एकड़ मात्र 10500 रु मात्र देने के आदेश को किसान विरोधी कदम बताते हुए पूर्व जनपद सभापति रामकृष्ण तिवारी व प्रदेश महासचिव करीम खान ने कहा कि 3 महीने में ही भाजपा के किसान हितैषी होने का मुखौटा उतर गया है, भाजपा की सरकार किसानों को मदद करना नहीं चाहती है। कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों को फसल लगाते वक्त केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से सहकारी समितियां से प्रति एकड़ कृषि कार्य के लिए 20,000 नगद एवं 6,000 रु खाद बीज के लिए अतिरिक्त दिया था,उसे भाजपा सरकार ने कटौती करते हुए प्रति एकड़ मात्र 10,500 रुपये देने का आदेश दिया है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार से इस आदेश को वापस लेने और पूर्व की तरह ही किसानों को 26,000 रुपए प्रति एकड़ देने की मांग करती है।





पूर्व जनपद सभापति रामकृष्ण तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार जिन्होंने 21 क्विंटल धान 3100 रुपए के भाव में खरीदने की घोषणा की है, एक ही बार धान खरीदने में उनके हाथ पांव फूलने लगे हैं। इसीलिए किसान ज्यादा फसल उत्पादन ना कर सके करके उन्हें आर्थिक रूप से अभाव उत्पन्न कर रही है।किसानों को अगर सही समय पर आर्थिक मदद मिल जाती है तो किसान निश्चिंत होकर खेती किसानी में जुट जाते हैं और अच्छा उत्पादन करके आर्थिक रूप से सक्षम बनते हैं।प्रदेश महासचिव करीम खान ने कहा कि अब भाजपा के नेता भी कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों के हित में शुरू किए गए योजनाओं को फिर से शुरू करने की मांग कर रहे हैं और अपने ही सरकार को आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं।

प्रदेश महासचिव करीम खान ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए ही किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी किया है। अब आने वाले 5 वर्षों तक वह किसानों से 21 क्विंटल धान नहीं खरीदना चाहती है। इसीलिए अब वह सरकारी समितियां के माध्यम से मिलने वाली सहायता को भी कम कर रही है ताकि किसान आर्थिक संकट से परेशान रहे और खेती किसानी ठीक से न कर पाए।

## पिपरौद स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





**नवापारा-राजिम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौद में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 84.21 रहा। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य दीपिका सिंह ने बताया कि कुमारी शालिनी पिता धीरज साहू 91.83 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम रही। कक्षा दसवीं में कुल 57 विद्यार्थी थे। जिसमें 48 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 25 ,द्वितीय श्रेणी में 21 एवं तृतीय श्रेणी में दो विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 87.05 रहा। 12वीं में गोपेश साहू पिता कमल साहू ने कक्षा में 87.80 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में 64 विद्यार्थी थे, जिसमें 57 पास हुए। प्रथम श्रेणी में 32 , द्वितीय में 23 एवं एक विद्यार्थी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन बच्चो को सरपंच सुनीता,योगेश साहू ने बधाई दी।

## बृजमोहन की एकतरफा होगी विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से फीड-बैक लेने के बाद दावा किया है कि भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ऐतिहासिक बढ़त के साथ चुनाव जीतेंगे। श्री बजाज ने कहा कि मतदाताओं में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है, तथा श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान के दिन मतदाताओं ने उत्साह प्रकट किया। कहा कि चुनाव में राष्ट्रीय व स्थानीय मुद्दे हावी रहे। मतदाताओं ने विकसित भारत व विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए भाजपा पर भरोसा जताया है। श्री बजाज ने कहा कि भाजपा ने पूरे चुनाव के दौरान सकारात्मक प्रचार किया तथा अपनी रणनीति के तहत भाजपा समर्थित मतदाताओं को घर-घर से निकाल कर वोट कराया।



- मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान के दिन मतदाताओं ने उत्साह प्रकट किया।

भीषण गर्मी के बावजूद भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता अंतिम क्षण तक मतदान केन्द्रों में डटे रहें, तथा मतदान के लिए प्रेरित करते रहें। यहीं कारण है कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र में भीषण गर्मी के बावजूद मतदान का प्रतिशत संतोषजनक रहा। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 82 प्रतिशत मतदान इस बात को दर्शाता है कि कार्यकर्ता अंतिम समय तक प्राण-प्रण से जुटे रहें, दूसरी ओर देश की सबसे पुरानी और केन्द्र में सरकार बनाने का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी के अनेक जगह ना तो कार्यालय खुले ना ही पर्चियां बंटी। कई बूथों में कांग्रेस को एजेन्ट तक नही मिले। श्री बजाज ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ की सभी ग्यारह सीटें जीतकर कीर्तिमान बनायेगी। जहां तक रायपुर लोकसभा चुनाव का सवाल है, यहां भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल तकरीबन 7-8 लाख मतों से जीतेंगें।

## ब्राम्हण समाज ने मनाई परशुराम की जंयती

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज फिंगेश्वर एवं विप्रकुल नारी जागरण समिति के व्दारा भगवान विष्णु के छटवे अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव विप्र भवन फिंगेश्वर में धूमधाम से मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं मातृशक्तियां शामिल हुई।

पंद्व दिनेश्वर शर्मा एवं सहयोगी पंडितों के द्वारा सुबह से मंत्रेचार पूजा अर्चना एवं सत्य नारायण कथा विधि विधान के साथ भगवान परशुराम की पूजा की गइ। वहीं पर



प्रसाद वितरण एवं समाज के द्वारा सामूहिक भोज भी कराया गया। जिसमें समाज के एकता एवं संगठन पर चर्चा की हुई। जनमानस की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए भगवान परशुराम से मंगल कामना किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष महेशधर दीवान, शरद चतुर्वेदी, रामकण्ण तिवारी, सुशील शर्मा, मन्नू चौबे, रामस्वरूप तिवारी, महेंद्र तिवारी, भूपेंद्र दीवान, धीरज शर्मा, जयेश शुक्ला, संतोष शर्मा, सतीश शर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, दादू तिवारी, मनीष शर्मा, नवनीत चतुर्वेदी एवं विप्र कुल नारी शक्ति प्रफुल्लित दीवान, मधु तिवारी, अनिता शर्मा, सुमन तिवारी, सोनल दीवान, प्रीति चतुर्वेदी, वर्षा चतुर्वेदी, चंद्रा शर्मा, प्रभा शुक्ला, इंद्राणी शर्मा, रानू शुक्ला, आयुषी शर्मा, रिद्धि तिवारी, निर्मला चौबे एवं समाज के समस्त बच्चे व युवा उपस्थित थे।

## गरीब परिवार के साथ छलावा कर रही है भाजपा सरकारः लोकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर पंचायत के पूर्व एल्डरमेन व कांग्रेस नेता लोकेश्वर वर्मा ने राज्य सरकार पर आरोप लागाते हुए कहा किअनुसूचित क्षेत्र में राशन दुकानों द्वारा वितरण होने वाली खाद्यान्न में चावल, शक्कर ,नमक, चना का वितरण किया जाता आ रहा था परन्तु विगत 2 माह से भाजपा सरकार बनने क्रे पश्चात चना वितरण बंद हो गई है। विदित हो कि 5 रुपये की दर से चना बिक्री किया जा रहा था परन्तु विगत 2 माह से चना वितरण बंद कर दिया गया है जिससे गरीब परिवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ,परन्तु वही चना अब गरीब परिवार द्वारा किराने की दुकानों से 40 रुपये की दर से खरीदी कर रहे हैं जिससे गरीब परिवार को अतिरिक्त भार पड़ रहा हैं। जिससे लोगो की अर्थव्यवस्था डगमगा गई हैं। इधर हितग्राही लगातार राशन के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। वे लगातार जानकारी लेने सेल्समैन तक पहुंच रहे हैं। आरोप लगाते हुए वर्मा ने कहा कि पूर्व में जब कांग्रेस की सरकार थी तो कभी भी चना वितरण बंद नही किया गया था। प्रत्येक माह आपूर्ति हो जाती थी। मगर जब से भाजपा सरकार आई है तब से गरीब परिवार के राशन से चना को डकार कर गरीब परिवार से 70 से 80 रुपये में चना लेने मजबूर कर दी है।



हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

## हेल्पिंग ग्रुप ने उपचार के लिए परिजनों को 20-20 हजार रुपये की दी सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा का वार्षिक सम्मेलन 9 मई को मंडी प्रांगण छुरा में संपन्न हुआ। जिसमें छुरा, राजिम, फिंगेश्वर, गरियाबंद और अभनपुर के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में हेल्पिंग ग्रुप के सदस्यों की ओर से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। जिसमें रक्तदान शिविर आयोजन करने, वृक्षारोपण, क्षेत्र की प्रतिभाओं के सम्मान और अन्य विषयों पर चर्चा की गई। वर्तमान में यह ग्रुप गरियाबंद जिले के आर्थिक रूप से असमर्थ गंभीर



बीमारी से पीड़ित जरुरतमंदों को उपचार हेतु आंशिक आर्थिक सहयोग राशि प्रदान करता है। इसी तारतम्य में कार्यक्रम में बहेराभांठा निवासी ललित नागेश और कोसमबुडा निवासी अमित कुमार के कीडनी फेल होने पर उपचार हेतु उनके परिजनों को ग्रुप द्वारा क्रमशः 20-20 हजार की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप के सचिव अब्दुल रहीम मेमन(लक्की), गरियाबंद ब्लड डोनर ग्रुप प्रमुख विकास पारख, ग्रुप सदस्य कमल कंसारी, डॉक्टर आनंद गुप्ता, अमिताभ जैन, पुरुषोत्तम साहू, चितरंजन चंद्राकर, संजय महाडिक, हेमंत विश्वकर्मा, पत्रकार कुलेश्वर सिन्हा, हरीश ठक्कर, युसूफ बवानी, रामकरण त्रिवेदी, विजय साहू, भोजराम साहू, चंद्रकुमार ठाकुर, मोहिनी गोस्वामी, मीरा शर्मा, प्रमोद ध्रुव, अखिल चौबे, इमरान अली, पुखराज ठाकुर, नेमीचंद यादव, रुमन साहू, संतराम सिन्हा, विजय कौशिक, हुमन सिन्हा, विमल पुरोहित, सलीम मेमन सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन रीझे यादव टेंगनाबासा द्वारा किया गया।

